तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **दीपक परिहार** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353191866549526	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
17/03/26	अपीलार्थी दीपक परिहार निवासी रामपुरा भाटियान, लाखेरी, जिला जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 15.01.2026 ग्राम रामपुरा भाटियान से विभाजित कर गठित विवादित राजस्व ग्राम रामपुरा नगर के संबंध में भारतीय डाक द्वारा दिनांक 01.01.2026 को कार्यालय में प्राप्त करने की डायरी संख्या एवं प्राप्ति दिनांक की प्रमाणित प्रति से संबंधित दस्तावेज व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट 303 दिनांक 04.03.2026 द्वारा अवगत करवाया की अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचना कार्यालय के पत्र दिनांक 04.03.2026 द्वारा ऑनलाईन प्रेषित की जा चुकी है। कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही शेष नहीं होने से प्रकरण खारिज योग्य है। अतः उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण खारिज योग्य होने से अस्वीकार किया जाता है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.03.17 12:49:15 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 21095955